संख्या-26/2016/741/38-6-16-02(एनआरएलएम)/2015

प्रेषक,

हीरा लाल,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक-04 अक्टूबर, 2016**

विषय:- एनआरएलएम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना/राज्य सरकार द्वारा अनुपूरक बजट व्यवस्था के सापेक्ष अनुदान सं0-13 (सामान्य मद) में अवमुक्त केन्द्रांश की प्रथम किश्त की अवशेष धनराशि तथा इसके सापेक्ष मैचिंग राज्यांश को अवमुक्त किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पत्रांक-2168/आजीविका/लेखा/2016-17, दि0-08.09.2016 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक-जे-12036/1/2016-आरएल(एनआरएलपी-08), दि0-27.04.2016 द्वारा रू0-22,10,09,000/-, पत्रांक-जे0-12036/1/2016-आरएल(एनआरएलपी-23), दि0-17.05.2016 द्वारा रू0-15,56,41,000/- तथा पत्रांक-जे0-12036/1/2016-आरएल(एनआरएलएम-15ए), दि0-16.06.2016 द्वारा रू0-17,40,52,000/- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत (एनआरएलएम एवं एनआरएलपी) सामान्य मद में केन्द्रांश की प्रथम किश्त की कुल धनराशि रू0-5507.02 लाख अवमुक्त की गई है। योजनान्तर्गत केन्द्रांश के रूप में 60 प्रतिशत तथा राज्यांश के रूप में 40 प्रतिशत धनराशि निर्धारित की गई है। योजनान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा सामान्य मद अनुदान सं0-13 में रू0-3457.50 लाख एवं अनुपूरक बजट के माध्यम से रू0-16920.00 लाख का प्रावधान किया गया है। उपलब्ध बजट प्रावधान के सापेक्ष शासनादेश दि0-28.04.2016 एवं 06.07.2016 के माध्यम से रू0-3457.50 लाख (केन्द्रांश 60+राज्यांश 40) की धनराशि स्वीकृत की गई।

2- भारत सरकार के उक्त आदेश दि0-27.04.2016 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2016-17 हेतु सामान्य मद में अवमुक्त केन्द्रांश की प्रथम किश्त रू0-2210.09 लाख की अवशेष धनराशि रू0-1,35,59,000/- एवं पत्र दि0-17.05.2016 द्वारा रू0-15,56,41,000/- तथा पत्र दि0-16.06.2016 द्वारा रू0-17,40,52,000/- अवमुक्त केन्द्रांश की प्रथम किश्त की कुल धनराशि रू0-34,32,52,000/- के सापेक्ष मैचिंग राज्यांश रू0-22,88,34,000/- कुल केन्द्रांश तथा राज्यांश की धनराशि रू0-57,20,86,000/- (रूपये सत्तावन करोड बीस लाख छियासी हजार मात्र) को वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान सं0-13(सामान्य मद) के अन्तर्गत हुयी अनुपूरक बजट व्यवस्था से आयुक्त, ग्राम्य विकास,

http://shasanadesh.up.nic.in

उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) धनराशि के आहरण में वित्तीय नियमों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा एवं धनराशि का व्यय एनआरएलएम/एनआरएलपी के अन्तर्गत भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप ही किया जायेगा। यदि कभी भी वित्तीय नियमों का उल्लंघन होता है, तो इसकी सूचना तत्काल आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ/मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम लखनऊ को प्राप्त करायी जायेगी।

(2) अवमुक्त की जा रही धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार को प्रेषित किये जाने हेतु राज्य सरकार को ससमय उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। वर्ष के अन्त में अप्रयुक्त धनराशि 31 मार्च, 2017 को समर्पित कर दी जाएगी।

(3) यह धनराशि आहरित/व्यय करने से पूर्व आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम द्वारा धनराशि की शुद्धता के साथ यह सुनिश्चित कर लिया जाएगा कि योजनान्तर्गत केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

(4) आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दि0-22.03.2016 में निहित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के सामान्य मद अनुदान संख्या-13 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2501-ग्राम विकास के लिए विशेष कार्यक्रम-01-समेकित ग्राम विकास कार्यक्रम-800-अन्य व्यय-02-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-0201-स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना(जिला योजना)(के.60/रा.40-के.+रा.)-27-सब्सिडी" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दि0-22.03.2016 में दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(हीरा लाल)
विशेष सचिव।

संख्या-26/2016/741(1)/38-6-2016, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार(सिविल आडिट)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय (स्किल डिवीजन), नई दिल्ली।
4- निदेशक, कोषागार/मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियाँ एवं पंचायतें, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम, गोमती नगर, लखनऊ।

7- अपर आयुक्त, लेखा, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।

8- वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-2/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

9- ग्राम्य विकास अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4

10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमा कान्त पाठक)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in